REG. No.89/1956-57/19-10-1956
AKLANK
VIDYALAYA ASSOCIATION
Basant Vihar, Kota 324009 (Raj.)
Email : aklankeducation.kota@gmail.com
Tel : 0744 2400866, 2402695 8104337334

Ref. No. : AVA/503/2025 Date : 25/08/2025

प्रस्ताव

आज दिनांक 25/08/2025 को प्रातः 11 बजे अकलंक विद्यालय एसोसियेशन, 1 बसन्त विहार, कोटा के प्रबन्ध कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष श्री पीयूष जैन की अध्यक्षता में समिति कार्यालय में सम्पन हुई। बैठक में सचिव श्री अनिमेष जैन ने अवगत कराया कि समिति द्वारा ग्राम बसन्त विहार तहसील लाडपुरा जिला कोटा (राज.) के खसरा नम्बर 1 में अकलंक कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन (अकलंक विद्यालय एसोसियेशन की एक इकाई) में बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. पाठ्यक्रम तथा डिग्री कॉलेज अकलंक कॉलेज (अकलंक विद्यालय एसोसियेशन की एक इकाई) के नाम से संचालित किया जा रहा है। एनसीटीई ने सत्र 2026–27 से उक्त पाठ्यक्रम को बन्द कर उसके स्थान पर आई.टी.ई.पी. पाठ्यक्रम संचालित करेगी। आई.टी.ई.पी. पाठ्यक्रम की मान्यता हेतु इस कॉलेज का बहुसंख्यक शिक्षण संस्थान होना अनिवार्य है। चुंकि समिति द्वारा उक्त कॉलेज परिसर में डिग्री कॉलेज का संचालन अलग नाम से होने के कारण एनसीटीई इसको बहुसंख्यक शिक्षण संस्थान नहीं मान रही है। ऐसी स्थिति में एनसीटीई के नियमानुसार अकलंक कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन (अकलंक विद्यालय एसोसियेशन की एक इकाई) 1 बसन्त विहार, कोटा तथा अकलंक कॉलेज (अकलंक विद्यालय एसोसियेशन की एक इकाई) 1 बसन्त विहार, कोटा का संविलियन (Merger) किया जाना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में प्रस्तावित किया जाता है कि इस समिति द्वारा संचालित अकलंक कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन (अकलंक विद्यालय एसोसियेशन की एक इकाई) तथा अकलंक कॉलेज (अकलंक विद्यालय एसोसियेशन की एक इकाई) का संविलियन (Merger) कर दिया जाये जिससे इस कॉलेज को बहुसंख्यक शिक्षण संस्थान के रूप में परिवर्तित किया जा सके तथा बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. पाठ्यक्रम को आई.टी.ई.पी. पाठ्यक्रम में परिवर्तन हेतु एनसीटीई को आवेदन किया जा सके। सचिव के उक्त प्रस्ताव का बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया तथा कोलोबरेशन करने तथा एनसीटीई को आवेदन करने की समस्त कार्यवाही हेतु सचिव/अध्यक्ष श्री पीयूष जैन को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

बैठक की कार्यवाही अध्यक्ष के धन्यवाद प्रस्ताव के सर्वसम्मति से पारित होने के उपरान्त समाप्त हुई।

"प्रस्ताव की प्रति"

सचिव
(अनिमेष जैन)
सचिव
अकलंक विद्यालय एसोसिएशन
बसंत विहार कोटा

अध्यक्ष
(पीयूष जैन)
अध्यक्ष
अकलंक विद्यालय एसोसिएशन
कोटा